# खनिज मिश्रण खिलाने का महत्त्व

By Kisan Kheti Ganga

पशुके शरीर की आंतरिक क्रियाओं को सुचारू रूप से कार्य करने हेतु उसके आहार में खनिज लवणों की उचित मात्रा का महत्त्वपूर्ण योगदान है। खनिज मिश्रण में सभी तत्व आवश्यक मात्रा में उपलब्ध रहते हैं। इसके खिलाने के निम्नलिखित लाभ है

- बछड़े बछियों की वृद्धि में सहायक है।
- पशु द्वारा खाए गये आहार को सुपाच्य बनाता है।
- दुधारू पशु के दूध उत्पादन में वृद्धि करता है
- प्रजनन शक्ति को ठीक रखता है और दो ब्यांतों के बीच के अंतर को कम करता है।
- पशु लंबी अवधि तक उपयोगी रहता है।
- पशुओं की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ाता है
- पशुओं में ब्यांत के आसपास होने वाले रोगों (जैसे दुग्ध ज्वर, कीटोसिस,मूत्र में रक्त आना) की रोकथाम करता है। जस्ते की कमी से लंगड़ापन कैल्सियम व फास्फोरस की कमी से खुर व हड्डियों पर प्रभाव

**बछड़े बछियां-**

20-25 ग्राम प्रतिदिन

**बढ़ते हुए पशु तथा वयस्क पशु जो दूध में न हो**

50 ग्राम प्रति पशु प्रतिदिन

**दूध देने वाले पशु**

100 से 200 ग्राम प्रति पशु प्रतिदिन

(दुग्ध उत्पादन के अनुसार)